# प्रशिक्षण कार्यक्रम

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभागान्तर्गत ट्रेनिंग अनुभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। विभाग के कम्प्यूटराईजेशन के क्रम में विभाग के समस्त कर्मचारी, पर्यवेक्षक, अधिकारी के साथ–साथ राजस्थान के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों को विभागीय एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण देने के लक्ष्य से अब तक निम्नलिखितानुसार प्रशिक्षण दिया जा चुका है :–

- प्रत्येक जिला कार्यालय के कम से कम 3 कर्मचारियों, समस्त पर्यवेक्षकों एवं पदोन्नत अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है ।

- 38 जिला कार्यालय इकाईयों के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं।

- जीपीएफ शिडयूल ऑन–लाईन फीड करने हेतु राजस्थान के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों, बिल सहायकों को 16 से 22 अगस्त 2011 तक जिला कार्यालयों पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

- मुख्यालय में राजस्थान नॉलेज कारपोरेशन (आर.के.सी.एल.) की इकाई मे 25 कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हैं।

- आठ वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले 13 अधिकारियों को एच.सी.एम–रीपा, उदयपुर में पुनश्चर्या व प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 12 से 16 दिसम्बर 2011 तक प्रशिक्षण आयोजित करवाया गया।

- 24 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके विभाग के 15 वरिष्ठ अधिकारियों को पुनश्चर्या प्रशिक्षण नेशनल इन्श्योरेन्स एकेडमी, पुणे में प्रदान किया गया है।

- जीपीएफ शिड्यूल अप्रूवल का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 7.2.2012 एवं 8.2.2012 को आयोजित किया गया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक जिला कार्यालय से कम से कम एक कार्मिक ने भाग लिया। इस अवधि में कुल 75 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

- भारत सरकार के इन्फोर्मेशन एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा नेशनल ई–गवर्नेन्स कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चीफ इनफोर्मेशन ऑफिसर ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीआईओ) में राजस्थान से एक मात्र प्रतिनिधि श्री वेद प्रकाश गुप्ता, संयुक्त निदेशक,सिस्टम ने दिनांक 16.1.2012 से 18.2.2012 तक 5 सप्ताह का प्रशिक्षण हैदराबाद में प्राप्त किया। इसमें श्री गुप्ता को एक सप्ताह का विदेश में प्रशिक्षण सिओल (दक्षिण कोरिया) में प्रदान किया गया।
- आरकेसीएल के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण हो चुका है।
- आरकेसीएल के तृतीय बैच हेतु नामांकन आमंत्रित किये जा रहे है।
- नेशनल इंश्योरेंस एकेडमी पुणे में दिनांक 2.6.2012 से 9.6.2012 तक विभाग के 15 परि[illegible] अधिकारियों हेतु पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।